राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2025

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल
फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक– 23.01.2025

भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय में बेस्ट राज्यस्तरीय बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड–2024 के लिये चयनित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा आज कर दी गई है। निर्वाचन प्रक्रिया एवं संपादन के स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में चयनित इन पदाधिकारियों को 25 जनवरी 2025 को 15वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के अवसर पर श्री अमृत लाल मीणा, मुख्य सचिव, बिहार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड–2024 के संदर्भ में राष्ट्रीय अवॉर्ड के लिए पूर्वी चम्पारण के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, श्री सौरभ जोरवाल का चयन लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में बेहतर चुनावी प्रबंधन एवं आईटी पहलों के लिये किया गया है। श्री सौरभ जोरवाल 25 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय कार्यक्रम में उक्त पुरस्कार को ग्रहण करेंगे।

विभाग द्वारा निर्धारित मानकों जैसे कि निर्वाचन प्रबंधन, मतदाता शिक्षा, आईटी पहल, सुरक्षा प्रबंधन, निर्वाचक नामावली प्रबंधन, नवाचारी उपाय, सुलभ निर्वाचन, आर्थिक दक्षता और निर्वाचकों की सक्रिय एवं सुलभ भागीदारी के आधार पर विभिन्न जिलों से प्राप्त नामांकनों की समीक्षा के उपरांत राज्यस्तरीय बेस्ट इलेक्टोरल पुरस्कार, 2024 के लिए निम्नलिखित पदाधिकारियों को चयन किया गया है।

राज्यस्तर पर ''बेस्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी पुरस्कार.–Best DEO Award ''के तहत तीन पदाधिकारियों को चुना गया हैः–

1. वैशाली जिले के श्री यशपाल मीणा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को पीएस–स्तरीय योजनाओं के तहत मतदाता सहभागिता बढ़ाने के प्रयासों के लिए।
2. बाँका जिले के श्री अंशुल कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, बाँका को निर्वाचन प्रबंधन में वित्तीय अनुशासन के अनुपालन हेतु।
3. श्री नवीन कुमार, राज्य परिवहन आयुक्त, बिहार (लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में तत्कालीन जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रोहतास) को मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए।

इसके अतिरिक्त 'सर्वश्रेष्ठ ERO, AERO एवं BLO पुरस्कार' के लिए निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया हैं।

**Best ERO Award** -

| क्र० सं० | जिला का नाम | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | चयनित पदाधिकारियों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर | 22–शिवहर | श्री अविनाश कुणाल, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, शिवहर |
| 2. | कटिहार | 65–बलरामपुर | श्री दिक्षित स्वेतम, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, बारसोई |
| 3. | दरभंगा | 80–बेनीपुर | श्री शम्भु नाथ झा, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, बेनीपुर |
| 4. | भागलपुर | 154–पिरपैंती | मो० सरफराज नवाज, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, कहलगॉव |
| 5. | बक्सर | 200–बक्सर | श्री धीरेंद्र कुमार मिश्रा, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, बक्सर |

**Best AERO Award** -

| क्र० सं० | जिला का नाम | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | चयनित पदाधिकारियों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | किशनगंज | 53–ठाकुरगंज | श्री अहमर अब्दाली, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (53–ठाकुरगंज)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, ठाकुरगंज |
| 2. | कटिहार | 65–बलरामपुर | श्री हरिओम शरण, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (65–बलरामपुर)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरसोई |
| 3. | भागलपुर | 158–नाथनगर | श्री प्रभात रंजन, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (158–नाथनगर)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, सबौर |
| 4. | बाँका | 159–अमरपुर | श्री नीतीश कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (159–अमरपुर)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, शंभूगंज |
| 5. | भागलपुर | 154–पिरपैंती | श्री अभिमन्यु कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (154–पिरपैंती)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिरपैंती |
| 6. | पटना | 191–विक्रम | श्री पंकज कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (191–विक्रम)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, विक्रम |
| 7. | पूर्वी चम्पारण | 17–पिपरा | श्रीमती रोशनी कुमारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (17–पिपरा)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, चकिया |
| 8. | भागलपुर | 157–सुलतानगंज | श्री संजीव कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (157–सुलतानगंज)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुलतानगंज |
| 9. | मधेपुरा | 71–बिहारीगंज | श्री भरत कुमार सिंह, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (71–बिहारीगंज)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिहारीगंज |
| 10. | भोजपुर | 197–जगदीशपुर | श्री सुदर्शन कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (197–जगदीशपुर)–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, जगदीशपुर |

**Best BLO Award** -

| क्र० सं० | जिला का नाम | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्र संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | मुजफ्फरपुर | 90–मीनापुर | 80 |
| 2. | नवादा | 235–रजौली (अ0जा0) | 1 |
| 3. | गया | 232–बेलागंज | 236 |
| 4. | पूर्वी चम्पारण | 17–पिपरा | 168 |
| 5. | मुंगेर | 166–जमालपुर | 152 |
| 6. | सीवान | 106–जीरादेई | 109 |
| 7. | पूर्णियाँ | 58–कसबा | 1 |
| 8. | अररिया | 48–फारबिसगंज | 125 |
| 9. | मधुबनी | 37–राजनगर (अ०जा०) | 63 |
| 10. | पश्चिम चम्पारण | 1–वाल्मिकीनगर | 335 |
| 11. | भोजपुर | 192–संदेश | 165 |
| 12. | समस्तीपुर | 138–विभूतिपुर | 202 |
| 13. | अररिया | 49–अररिया | 194 |
| 14. | सीवान | 105–सीवान | 312 |
| 15. | मधुबनी | 34–बाबुबरही | 199 |
| 16. | वैशाली | 128–राघोपुर | 214 |
| 17. | शेखपुरा | 170–बरबिघा | 213 |
| 18. | अरवल | 215–कुर्था | 276 |
| 19. | भागलपुर | 154–पिरपैंती (अ०जा०) | 219 |
| 20. | पूर्वी चम्पारण | 20–चिरैया | 63 |
| 21. | दरभंगा | 84–हायाघाट | 150 |
| 22. | कटिहार | 64–कदवा | 191 |
| 23. | गया | 230–गया टाउन | 34 |
| 24. | पटना | 186–दानापुर | 87 |
| 25. | बेगूसराय | 143–तेघड़ा | 222 |
| 26. | पूर्णियाँ | 61–धमदाहा | 200 |
| 27. | नवादा | 239–वारसलिगंज | 359 |
| 28. | पटना | 187–मनेर | 51 |
| 29. | सीतामढ़ी | 25–परिहार | 179 |
| 30. | मधेपुरा | 71–बिहारीगंज | 150 |
| 31. | जमुई | 242–झाझा | 159 |
| 32. | औरंगाबाद | 223–औरंगाबाद | 55 |
| 33. | पश्चिम चम्पारण | 4–बगहा | 26 |
| 34. | बाँका | 163–बेलहर | 277 |
| 35. | मुंगेर | 165–मुंगेर | 167 |
| 36. | सारण | 114–मांझी | 182 |
| 37. | सीतामढ़ी | 28–सीतामढ़ी | 281 |
| 38. | सहरसा | 74–सोनबरसा (अ०जा०) | 134 |
| 39. | समस्तीपुर | 136–सरायरंजन | 231 |
| 40. | मुजफ्फरपुर | 89–औराई | 146 |

उपर्युक्त चयनित पदाधिकारियों को 15वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2025 के अवसर पर दिनांक 25.01.2025 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में ''अधिवेशन भवन, सिचाई भवन परिसर, पटना'' में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा।

इस अवसर पर श्री एच० आर० श्रीनिवास, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार द्वारा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड–2024 के लिए चयनित सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाऐं देते हुए लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाते रहने का आह्वान किया है। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में निर्वाचन कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सभी मतदान कर्मियों, प्रत्येक स्तर पर निर्वाचन कार्यो से जुड़े रहे निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस बल, शिक्षा विभाग, बैंक एवं अन्य सभी सहभागी विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों, राजनीतिक दलों प्रेस–मीडिया, राज्य के सभी मतदाताओं एवं सभी सहभागी पक्षों को लोकसभा आम निर्वाचनों के शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक संपादन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में बिहार का औसत मतदान प्रतिशत 56.28 रहा है जिसमें पुरूष मतदान 53.00 प्रतिशत रहा एवं महिला मतदान 59.45 प्रतिशत रहा। मतदान प्रतिशत को बढ़ाना चुनावी प्रणाली के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के इस बार के निर्धारित थीम ''Nothing like voting, I vote for sure (वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम)'' का उल्लेख करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन–2025 में सभी सहभागी पक्षों एवं मतदाताओं से मतदान में सक्रिय सहभागिता करने का अनुरोध करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक पदाधिकारी एवं कर्मी को कम खर्च में निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक दक्षता के साथ संपादित करने, निर्वाचकों की सक्रिय–सुलभ भागीदारी को पंजीकरण एवं मतदान में सुनिश्चित करने तथा शांतिपूर्ण मतदान के लिए पूर्ण जिम्मेदारी एवं उत्तरदायित्व के साथ संलग्न रहने की अपील की है।

**********************